# कानून व्यवस्था बनाए रखने को करें सख्ती : पुलिस अधीक्षक

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखि डेका द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी। बैठक में जिले के सभी अनुभागों के एसडीओपी, रक्षितं निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुये। बैठक में अपराधों पर नियंत्रण पूर्णत: अंकुश लगाने, लंबित अपराधों का समयावधि में निकाल हेतु थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए।



## समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अवैध शराब का अवैध परिवहन, विक्रय, अवैध मादक पदार्थ का विक्रय, सट्टा, जुआ एवं रेत माफियाओं एवं समस्त प्रकार के माफियाओं पर सख्ती बरतते हुये क्षेत्र में अवैध कारोबार का पूर्णत: प्रतिबंधित करने हेतु जिले के सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को सख्ती से निर्देशित किया गया । साथ ही थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कर शिकायत कर्ता को संतुष्ट किया जावे एवं अनावश्यक आजमनों की शिकायतों को लंबित न रखा जावे तथा जिला एवं अनुभाग स्तर पर शिविर का आयोजन कर पीडित व्यक्तियों की शिकायत प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जावे।

**महिला संबंधी मामलों पर हो त्वरित कार्यवाही** –महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष कदम उठाने हेतु दिशा निर्देश देते हुए यह भी कहा गया कि यदि किसी भी महिला संबंधी अपराध की रिपोर्ट आती है तो तत्परता पूर्वक वैधानिक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित किया जावे।

**मुसाफिरों की चैकिंग करने के निर्देश** – पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में कृषि कार्य एवं अन्य कार्यो से बाहर से आये मुसाफिरों निरंतर चैकिंग कर उनसे संबंधित समस्त जानकारियों को एकत्रित कर उनका चरित्र सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें।पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखि डेका द्वारा बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने थाना क्षेत्रों के ऐसे आदतन अपराधी जो वर्तमान में जमानत है उनकी निरस्तीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

**कानफोड़ू वाहनों के खिलाफ करें कार्यवाही** – पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखि डेका को लगातार बुलट मोटर सायकिल सवारों के द्वारा तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई साइलेंसर लगवाकर धमा–चौकड़ी मचाये जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायते प्राप्त होने पर तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई कान फाडु साइलेंसर लगवाकर धमा–चौकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों एवं ऐसे आटो मोबाईल दुकान संचालक जिनके द्वारा तेज आवाज वाले मॉडीफाई सायलेंसर बेचे जाते हैं, के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु यातायात पुलिस एवं सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये है।

**किया गया पुरूस्कृत** – डॉयल–100 में डियूटीरत 3 कर्मचारियों एवं 3 पायलटों को उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा ''कर्मठ पुलिस'' कार्यक्रम के तहत पुरूष्कृत किया गया। आरक्षक राहुल भूमरकर एवं रोहित पटेल, आरक्षक प्रदीप एवं दीपक, सैनिक असलम खान एवं अरविन्द श्रीवास का पुरूस्कृत किया।

# मंडी सभाकक्ष में हुई भारतीय किसान संघ की मटर मंडी सम्बन्धित बैठक

## अब जिंदा दो किलो नहीं कटेगा, एक किलो पर बनी सहमति

**गोटेगांव , देशबन्धु ।** गोटेगांव के स्थानीय नई कृषि उपज मंडी में अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती देबंती परते की अध्यक्षता में मंडी सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मटर खरीदी में आने वाले विभिन्न समस्याओ पर चर्चा हुई, जिसमें किसान एवं व्यापारियों के बीच प्रति कट्टा एक किलो जिंदा काटे जाने पर सहमति बनी। सभी मटर व्यापारियों का मंडी प्रशासन द्वारा पंजीयन कराया जाए एवं पंजीकृत व्यापारी ही मटर खरीदी करेंगे की ऐसी मांग को माना गया। इस अवसर पर गोटेगांव विधानसभा विधायक महेन्द्र नागेश, समाजसेवी सरदार सिंह पटेल,जिला मंत्री अभिषेक पटेल,तहसील अध्यक्ष यशवन्त पटेल, प्रांतीय सदस्य सरदार पटेल, जिला जैविक प्रमुख सरदार पटेल, जिला उपाध्यक्ष मुन्नालाल पटेल, जनप्रतिनिधि पंकज चौकसे,विशाल सिंह पटेल उपस्थित रहे।




## सार-समाचार

### अज्ञात चोरों ने बसों से किया डीजल चोरी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अज्ञात चोरों चौरसिया ट्रैवल्स पिपरिया रोड ऑफिस के सामने खड़ी तीन बसों में से लगभग 500 लीटर डीजल की चोरी कर ली है 25 अक्टूबर की रात्रि करीब 2 बजे की घटना बताई जा रही है जो सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है गाडरवारा पिपरिया मार्ग मंडी कॉम्प्लेक्स के सामने फोर व्हीलर वाहन बसों से डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चौरसिया ट्रेवल्स के संचालक ने डीजल चोरी की सूचना पुलिस थाने पहुंचकर दीद्य पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर चोरो की पतासाजी में लग गई है।

### शादी डॉटकॉम पर युवती से की दोस्ती शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा से भोपाल यमबीए करने गई युवती लिव – इन पार्टनर के झांसे में आकर यौन शोषण का शिकार हो गई। जिसकी प्राथमिक भोपाल में दर्ज कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि भोपाल के कोलार इलाके में युवती ने अपने लिव – इन पार्टनर पर शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला दर्ज कराया है। दोनों की मुलाकात शादी डाट काम के जरिए हुई थी, इसके बाद दोनों लिव इन में रह रहे थे। आरोपी युवक मुरैना जिले का रहने वाला है आरोपी के साथ शादी का झांसा देकर लगातार युवक संबंध बना रहा था युवक द्वारा शादी से इनकार करने के बाद पीड़िता ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया है, आरोपी की अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है। 24 साल की युवती कोलार इलाके में किराए से रहती थी और युवती मूलरूप से गाडरवारा की रहने वाली है। एमबीए की पढ़ाई करने के लिए भोपाल गई हुई थी। पढ़ाई के बाद वहां पर युवती प्राइवेट जॉब करने लगी और शादी डाट काम पर उसने अपनी प्रोफाइल बना रखी थी। यहां पर युवती की मुलाकात मुरैना के रहने वाले एक युवक से हुई, आरोपी खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बता रहा था इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी और बातचीत प्यार में बदल गई। इसके बाद आरोपी पीड़िता के साथ लिव इन में रहने लगा और उसने युवती से कहा कि जल्द शादी करेगा पिछले महीने युवक पर जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह चुपचाप तरीके से उसे छोड़कर चला गया है और कॉल भी उठाना बंद कर दिए , कोलार पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ के दोषी को कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ छेड–छाड के प्रकरण में आरोपी राजीव, आत्मज सुखराम अहिरवार आयु 21 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6, इंद्रा कालोनी चीचली थाना चीचली जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को लैंगिक अपराधों से बालाकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा– 7/8 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/– जुर्माना तथा अधिनियम की धारा 11(द्व1)/12 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/– जुर्माना सें दंडित किया गया। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन/जिला लोक अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई।

### ट्रेन की फटकार लगने से दो युवकों की मौत

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बरगी फाटक के पास रेलवे लाइन किनारे बैठे दो युवकों को ट्रेन की इतनी तेज फटकार लगी कि एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अन्नू पिता सुरेश कश्यप 40 वर्ष बढ़ई मोहल्ला. फूटाताल जबलपुर एवं सगन पिता संतोष केवट 28 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला के रूप में की गई है। घटना में अन्नू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि सगन की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। उक्त दोनों कार्य के लिए नरसिंहपुर आए थे जो रेलवे लाइन किनारे किस कार्य से गए थे यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया।

### आपदा से निपटने एनडीआरएफ की टीम ने की मॉकड्रिल

**अनूपपुर, देशबन्धु।** 11वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (वाराणसी, उत्तर प्रदेश) द्वारा आपदा के दौरान फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का लाइव प्रदर्शन किया गया इस दौरान दिखाया गया कि किस प्रकार टीम तेजी से काम करते हुए और विभिन्न विभागों के साथ तालमेल बिठाकर राहत कार्य करती है। मौका था आपदा से निपटने के लिए आपातकालीन स्थितियों में राहत और बचाव कार्यों को किस तरह से प्रभावी ढंग से अंजाम दिया जा सकता है इस संबंध में मॉकड्रिल कर एनडीआरएफ की टीम ने विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों सहित एनसीसी, स्काउट के लोगों को जिला मुख्यालय के डाइट भवन अनूपपुर के सामने स्थित ट्राईबल हॉस्टल परिसर में अभ्यास के तहत आपदा से निपटने तथा राहत के प्रभावी तरीकों से अवगत कराया। इस मौके पर एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार पाल संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय होमगार्ड के जिला कमांडेंट जेपी उइके एनडीआरएफ के निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एनसीसी, स्काउट सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विद्युत विभाग के अफसरों की किसानों के साथ हुई बैठक

## विद्युत समस्या का जल्द होगा निदान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कार्यालय में विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं किसानों के बीच विद्युत समस्याओं के समाधान के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई ।

इस बैठक में विद्युत विभाग के ए सी अमित चौहान, डीई आशुतोष ओझा ने उपस्थित किसानों द्वारा बताई गई तहसील क्षेत्र के किसानों को हो रही विद्युत समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि सूखा, बनवारी, सलैया, भोड़झिर में विद्युत पोल लगाने तार खींचने कार्य जल्द किया जाएगा। जिनका वर्क आर्डर भी हो चुका है।

सालीचौका में व्यापारियों की समस्याओं का निदान करने के लिए रेलवे के नीचे से लीड डाली जायगी । मारेगांव की विद्युत समस्या का भी समाधान किया जाएगा, डीएल लाइन नांदनेर से देवरी तक अलग फीडर से होगी। सड़ूमर से सुपारी ए जी कृषि लाइन की व्यवस्था होगी। ट्रांसफार्मर के संबंध में अनुदान योजना में जो छूट मिलेगी उसके तहत कृषक खुद अपने खर्चे से डीपी लगवा सकता है। इस योजना का जल्द लाभ मिलेगा। नांदनेर से देवरी तक पावर हाउस विद्युत सब स्टेशन के लिए प्रपोजल मंत्रालय भेजा गया है। नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा बीते दिनों विद्युत विभाग के अधिकारियों को निगरानी बैठक में दिशा निर्देश दिए गए था उसी का पालन करते हुए विद्युत विभाग के ए सी अमित चौहान ने गाडरवारा में उक्त बैठक का आयोजन किसानों के साथ किया। इस बैठक में कृषक देवेंद्र पटेल देवरी, मुकेश पटेल, माधव सिंह पटेल , राव राजेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेको कृषक उपस्थित रहे किसानों के प्रतिनिधिमंडल मंडल ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से किसानों की समस्याओ का जल्द समाधान करने की बात रखी।

# जबलपुर और नरसिंहपुर के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2024 25 के अनुसार संभाग स्तरीय अंतर योजन पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलें यज्ञ यस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संपन्न हुआ। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में जबलपुर जिला कटनी जिला एवं नरसिंहपुर जिले की टीम ने सहभागिता की प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश दुबे द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया प्रतियोगिता के पहले मैच में नरसिंहपुर ने कटनी को पराजित किया। फाइनल मुकाबले में जबलपुर ने नरसिहपुर को पराजित किया।



## जिला महिला प्रतियोगिता संपन्न

पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल , इंजी. सुनील कोठारी ,धर्मेश पटेल द्वारा खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया एवं सभी खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को बैग देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता उपरांत विश्वविद्यालय टीम का गठन किया गया जिसमें मुख्य चयनकर्ता के रूप में डीआर जुगल किशोर डॉ राजकुमार डॉ जितेंद्र राजपूत द्वारा खिलाड़ियों को चयनित किया गया। निर्णायकों की भूमिका शिवम कटारे, सौरव लहरिया, अनिकेत साहू द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ आर वी सिंह, डॉ मनीष अग्रवाल ,वीरेंद्र झरिया ,भरत सिंह ठाकुर,अजीत राय ,,प्रीति कौरव ,सतीश कुमार, राम मनोहर अहिरवार ,संदीप नागोत्रा ,डॉ नेहा राठौर एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थी क्रीड़ा समिति से हफीज मोहित पटेल ,करुणा मिश्रा ,वंदना यादव, रिया मेहरा, प्रगति तिवारी ,काजल वर्मा, गीता लोधी ,अभिषेक वासनिक, दीपचंद कहार, प्रदीप चौधरी, घनश्याम मेहरा, विनोद मेहरा ,गौरी शंकर, रज्जू जीवन एवं गोमती बाई द्वारा आयोजन का सफल बनाने में योगदान दिया गया।

# मंत्री पटेल पुन: बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पुन: भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की, मंडल अध्यक्ष रमाकांत चौबे ने उन्हें फार्म भरकर भाजपा की सक्रिय सदस्यता दिलवाई।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, पार्षद अजय प्रताप पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, नगर महामंत्री अभिषेक नेमा, कार्तिक चौबे आदि उपस्थित रहे।



# मैं हूं अभिमन्यु अभियान से छात्र-छात्राओं को कराया अवगत

**नरसिहपुर देशबन्धु।** मैं हूं अभिमन्यु महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल की मातृशक्ति महिला सशक्तिकरण की अभिनव पहल है. पुलिस विभाग द्वारा जमीनी स्तर पर आरंभ की गई *मैं हूं अभिमन्यु* से आज के नव युवको खासकर 16 से 25 वर्ष की उम्र के नौजवानों में ऐसा जोश भरना है सिवनी पुलिस महिला सुरक्षा शाखा द्वारा विशेष नवाचार करते हुए महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत निर्भया सशक्तिकरण समूह के सामाजिक सहयोग से महिलाओं को मैं हूं निर्भया के रूप में जागरूक सशक्त करने का भी प्रयास करते हुए महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा निर्भया अवतार के रूप में ग्रहणी, खिलाड़ी, शिक्षिका,इंजीनियर फौजी, न्यायाधीश, चिकित्सक, पुलिस सहित भारत माता रूपक नौ सशक्त अवतारों की परिकल्पना की गई।

विगत दिवस अपने शासकीय कार्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल जा रहे सिवनी जिले के महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी पुलिस उप अधीक्षक प्रदीप बाल्मिक



सतपुड़ा सिंघम द्वारा चाणक्य विद्यापीठ नरसिंहपुर में समस्त स्टाफ की उपस्थिति में9वीं से 12वीं के समस्त छात्र–छात्राओं को मैं हूं अभिमन्यु अभियान के उपरोक्त उद्देश्यों को न केवल बताया बल्कि युवा छात्र–छात्राओं से प्रत्यक्ष विमर्श / संवाद भी किये। उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप वाल्मीकि के द्वारा स्वरचित कविता निर्भया अवतार के माध्यम से युवा छात्र–छात्राओं को जीवंत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद महिला विंग की मातृ शक्तियों एवं जिला महिला वाहिनी नरसिंहपुर की मातृ शक्तियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# एक जनवरी को 18 साल हो रही उम्र, तो मतदाता बनने करें आवेदन, घर पहुंचेगा वोटर कार्ड

**गाडरवारा, देशबन्धु।** ऐसे युवा, जो 1 जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी करने जा रहे हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। नये मतदाताओं का वोटर आईडी कार्ड स्पीड पोस्ट के जरिये आसानी से उनके घर तक पहुंच जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिये विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी गतिविधियों के तय कार्यक्रम के अनुसार इकजाई प्रारूप में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन मंगलवार 29 अक्टूबर को किया जायेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे–आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्राप्त की जायेंगी। पुनरीक्षण के संबंध में 9 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। दावे–आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर तक होगा। एक जनवरी 2025 तक मतदाता सूची के डेटाबेस को अपडेट कर मुद्रण किया जायेगा। 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

**ऑनलाइन व ऑफलाइन जुड़वाए जा सकते हैं नाम** – भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार की निशुल्क सुविधाएं प्रदान की गई हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के संबंध में किसी शंका या जानकारी के लिये निर्वाचन हेल्पलाईन के टोल फ्री नं.– 1950 में कार्यालयीन समय पर काल करके समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

# जूडो प्रशिक्षण शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में 15 दिवसीय जूडो प्रशिक्षण शिविर का आरंभ किया गया। जिसमें महाविद्यालयीन छात्राऐं आत्मरक्षा के गुर सीख रही है। जिले की कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा निरीक्षण किया एवं छात्राओं को शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. यतीन्द्र महोबे, क्रीडा अधिकारी एल.एन.रजक जूडो प्रशिक्षक अशोक नामदेव ,डॉ. धीरज झा एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

# अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव 12 नवंबर से

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संकीर्तन समाज नरसिंहपुर दारा इस वर्ष भी 39वां वार्षिक सप्त दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव 12 नवंबर से आयोजित है। संकीर्तन समाज के अनुसार पंडित शिवशंकर दीक्षित दमोह वालों के पुण्य स्मरण में 12 नवंबर देवउठनी ग्यारस से आयोजन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में पंडित मदन मोहन दीक्षित बड़े भैया के सानिध्य में नित्य संकीर्तन एवं कथा का श्रवण श्रद्धालु कर सकेंगे। साथ ही प्रतिदिन 19 नवंबर तक दोपहर 2:30 बजे से पंडित नीलमणि दीक्षित दमोह वालों द्वारा रामकथा पर प्रवचन दिए जायेंगे। 19 नवंबर को कार्यक्रम का समापन एवं भंडारा होगा। तुलसी मानस प्रतिष्ठिान सदर मढ़िया परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में संकीर्तन समाज ने सभी से सहभागिता की अपील की है।

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions
पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए
प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883
स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए